# सांसद आलोक शर्मा ने लोकसभा में उठाया सीए के लिए संरक्षण कानून बनाने का मुद्दा

सच प्रतिनिधि || भोपाल।

भोपाल सांसद आलोक शर्मा ने लोकसभा में नियम 377 के अंतर्गत चार्टर्ड अकाउंटेंट्स (सीए) को क्लाइंट विवादों के कारण होने वाले अनावश्यक पुलिस उत्पीड़न से संरक्षण देने के लिए प्रभावी कानूनी व्यवस्था बनाने का मुद्दा उठाया। इस महत्वपूर्ण विषय को उठाते हुए सरकार का ध्यान चार्टर्ड अकाउंटेंट्स की समस्याओं की ओर आकर्षित किया।

सांसद आलोक शर्मा ने कहा कि चार्टर्ड अकाउंटेंट देश की अर्थव्यवस्था, कर व्यवस्था, वित्तीय अनुशासन और पारदर्शिता को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसके बावजूद कई बार क्लाइंट और सीए के बीच विवाद होने पर, जबकि सीए की कोई प्रत्यक्ष गलती नहीं होती, उन्हें पुलिस द्वारा अनावश्यक रूप से परेशान किए जाने की शिकायतें सामने आती हैं।

उन्होंने कहा कि कई मामलों में सीए को थाने बुलाकर घंटों बैठाया जाता है अथवा मानसिक दबाव बनाया जाता है। यह किसी भी सम्मानित पेशेवर की गरिमा के अनुरूप नहीं है। सीए सामान्यत: क्लाइंट द्वारा उपलब्ध कराए गए दस्तावेजों और

सूचनाओं के आधार पर अपना पेशेवर कार्य करते हैं। यदि क्लाइंट ने गलत तथ्य अथवा दस्तावेज उपलब्ध कराए हैं तो बिना निष्पक्ष जांच के उसकी जिम्मेदारी सीए पर डालना उचित नहीं है।

सांसद ने मांग की कि किसी सीए के विरुद्ध कार्रवाई करने से पहले उसकी वास्तविक भूमिका, जानकारी और जिम्मेदारी की निष्पक्ष जांच की जाए। पुलिस एवं जांच एजेंसियों के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश बनाए जाएं, ताकि केवल पेशेवर संबंध या क्लाइंट के विवाद के आधार पर सीए को अनावश्यक रूप से थाने में बैठाकर परेशान न किया जाए। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा भी चार्टर्ड अकाउंटेंट्स के लिए संरक्षण कानून बनाए जाने की आवश्यकता का मुद्दा राज्यसभा में उठा चुके हैं। इस प्रकार सीए समुदाय की लंबे समय से चली आ रही इस मांग को संसद के दोनों सदनों में उठाया जा चुका है। सांसद आलोक शर्मा ने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि चार्टर्ड अकाउंटेंट्स के पेशेवर दायित्वों को ध्यान में रखते हुए उनके लिए स्पष्ट कानूनी संरक्षण, जांच की निर्धारित प्रक्रिया और पुलिस-प्रशासन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश तैयार किए जाएं, ताकि वास्तविक दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई हो और निर्दोष पेशेवरों को अनावश्यक मानसिक एवं पेशेवर उत्पीड़न का सामना न करना पड़े।

# चिकित्सा पाठ्यक्रमों के प्रश्नपत्र आयोग द्वारा तैयार किए जाएं

**भोपाल।** मेडिकल, आयुर्वेद, डेंटल, होम्योपैथी, यूनानी, सिद्धा - सोवारिग्पा मेडिकल कॉलेजों के यूजी - पीजी के चिकित्सा पाठ्यक्रमों के प्रश्न पत्र सर्वाधिकार आयोग क्रमश: नेशनल मेडिकल कमीशन, नेशनल कमीशन फॉर इण्डियन सिस्टम ऑफ मेडिसिन,नेशनल डेंटल कमीशन, नेशनल कमीशन फॉर होम्योपैथी जैसे राष्ट्रीय आयोगों द्वारा तैयार कर परीक्षा के एक घण्टे पूर्व संबंधित यूनिवर्सिटीज के माफ्त से प्रदेश समेत देशभर के चिकित्सा कॉलेजों को सर्कुलेट करना चाहिये , ऐसा कहना है आयुष मेडिकल एसोसिएशन के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ.राकेश पाण्डेय का । आगे डॉ.पाण्डेय ने कहा कि इसके साथ ही सरकार को चिकित्सा परीक्षा नेशनल सेक्यूरिटीज एजेंसी बनानी चाहिये। इसका सीधा उद्देश्य है कि मेडिकल, डेंटल व आयुष कॉलेजों में परीक्षा में प्रश्नपत्रों की सुरक्षा हो सके और नीट जैसा पेपरलीक मामला चिकित्सा पाठ्यक्रमों में प्रति एक वर्ष या डेढ़ वर्षीय परीक्षाओं में न हो सके । प्रदेश समेत देशभर में समस्त चिकित्सा पैथियों के 2000 से ज्यादा कॉलेज संचालित हैं, जिनमें दो लाख से ज्यादा यूजी- पीजी सीटें हैं। इनमें शासकीय व निजी दोनों कॉलेज शामिल हैं। ज्ञात रहे कि यूजी - पीजी डिग्री परीक्षा से लेकर मुख्य परीक्षा तक टर्म एग्जाम से लेकर मुख्य यूनिवर्सिटीज की विभिन्न परीक्षायें आयोजित होती हैं। अब देखना है कि स्वास्थ्य मंत्रालय, आयुष मंत्रालय व संबंधित आयोग क्या कदम उठाता है। एसोसिएशन द्वारा संबंधित मंत्रालयों, आयोगों, नीति आयोग व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी पत्र प्रेषित किया जा रहा है।

**इनका कहना है**

मेडिकल, डेंटल, आयुष कॉलेजों में यूजी - पीजी की हर परीक्षा का प्रश्नपत्र संबंधित आयोगों द्वारा तैयार हो तथा चिकित्सा परीक्षा सेक्यूरिटी एजेंसी बनाकर भी सरकार द्वारा पैनी नजर रखी जावे तो प्रश्नपत्र लीक जैसी घटनाओं पर पहले से ही नकैल कसी जा सकती है।

**डॉ राकेश पाण्डेय**
**राष्ट्रीय प्रवक्ता आयुष**

# परिवहन चेकिंग व्यवस्था को लेकर आईटीओटीए ने संभागायुक्त को सौंपा ज्ञापन

सच प्रतिनिधि || भोपाल।

परिवहन चेकिंग व्यवस्था के दौरान वाहन चालकों और परिवहन व्यवसायियों को हो रही कथित अनावश्यक परेशानियों को लेकर इंदौर ट्रक ऑपरेटर्स एंड ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन (आईटीओटीए) ने संभागायुक्त को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन आईटीओटीए के चेयरमैन सीएल मुकाती एवं अध्यक्ष अमरजीत सिंह बग्गा के नेतृत्व में सौंपा गया। एसोसिएशन ने मांग की कि बालसमुद (सेंधवा), शाहपुर फाटा (बुरहानपुर), पिटोल (झाबुआ) सहित प्रदेश के सभी चेकिंग प्वाइंटों पर हाईकोर्ट के आदेश और परिवहन विभाग की एसओपी का अक्षरश: पालन सुनिश्चित किया जाए। एसोसिएशन ने न्यायालय के आदेश और एसओपी के विपरीत संचालित

किसी भी अनधिकृत चेकिंग व्यवस्था को तत्काल समाप्त करने की मांग की।

## अनावश्यक रोक-टोक पर कार्रवाई की मांग

ज्ञापन में वाहन चालकों को अनावश्यक रूप से रोकने, मोबाइल से फोटो लेने और चालान के नाम पर परेशान करने संबंधी शिकायतों पर प्रभावी कार्रवाई की मांग की गई। आईटीओटीए ने चेकिंग व्यवस्था को डिजिटल, पारदर्शी और नियमसम्मत बनाने तथा अनावश्यक मानवीय हस्तक्षेप कम करने की बात कही। एसोसिएशन ने प्रदेश के सभी चेकिंग प्वाइंटों का वरिष्ठ अधिकारियों से स्थलीय निरीक्षण कर वास्तविक स्थिति की जांच कराने की मांग भी रखी। इटोटा का कहना है कि परिवहन व्यवसायियों और वाहन चालकों के सम्मान, समय और अधिकारों की रक्षा के लिए नियमों के अनुरूप चेकिंग व्यवस्था जरूरी है।

## भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था की मांग

एसोसिएशन ने स्पष्ट किया कि चेकिंग प्रक्रिया में नियमों का पालन हो, अनावश्यक रोक-टोक बंद हो और भ्रष्टाचार की कोई गुंजाइश न रहे। आईटीओटीए ने पारदर्शी एवं भ्रष्टाचार मुक्त परिवहन व्यवस्था के लिए अपनी आवाज आगे भी मजबूती से उठाने की बात कही। ज्ञापन सौंपने के दौरान बंटी छाबड़ा, संजय गुरु, मनप्रीत सिंह खनूजा, हरपाल सिंह होरा, राजू बाजपेई, दीपक खंडेलवाल, मोहित डाभी, राजू बग्गा और रूबल खनुजा सहित आईटीओटीए के पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।

# हर घर तिरंगा अभियान के तहत निकली रैली

सच प्रतिनिधि || भोपाल।

शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या महाविद्यालय भोपाल में प्राचार्य डॉ राजेश अग्रवाल के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना, और एनसीसी के संयुक्त तत्वाधान में हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत आज देश भक्ति एवं राष्ट्र प्रेम की भावना से ओत प्रोत होकर तिरंगा रैली निकाली गई ।

राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉक्टर और भावना ठाकुर ने छात्राओं को राष्ट्रीय ध्वज के महत्व , उसकी गरिमा एवं सम्मान तथा राष्ट्र के प्रति नागरिकों के कर्तव्य के संबंध में जानकारी दी गई। महाविद्यालय प्राचार्य ने तिरंगा रैली को संबोधित करते हुए कहा कि तिरंगा केवल हमारा राष्ट्रीय ध्वज ही नहीं बल्कि यह देश की एकता, अखंडता गौरव और अस्मिता का प्रतीक है उन्होंने छात्राओं से आह्वान किया कि हर घर तिरंगा अभियान को जन-जन तक पहुंचने में सक्रिय भूमिका

निभाएं। तिरंगा रैली महाविद्यालय शुरू से होकर पॉलिटेक्निक चौराहे से होती हुई कमला पार्क से वापस महाविद्यालय आई। इस रैली में महाविद्यालय की वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ.भारती जैन, प्रशासनिक अधिकारी डॉ संजय सिंह, राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ सुधीर शर्मा, राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ.भावना ठाकुर, डॉ कषा सोलंकी के साथ महाविद्यालय के समस्त स्टाफ बड़ी संख्या में राष्ट्रीय सेवा योजना की वंशिका कठने, नंदनी मरावी, मंजू यादव, अवंतिका तिवारी मनसी , शिवानी पार्टी , काशी देशमुख, रीता यादव स्वयंसेविकाओं ने उत्साह पूर्वक सहभागिता की।

# भोपाल रेलवे स्टेशन पर गूंजा देशभक्ति का संगीत, आरपीएफ बैंड ने बांधा समां

सच प्रतिनिधि || भोपाल।

स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में भोपाल रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर-1 पर आरपीएफ बैंड की शानदार संगीतमय प्रस्तुति ने यात्रियों और आमजन में देशभक्ति का उत्साह भर दिया। बैंड के जवानों ने देशभक्ति गीतों और मधुर धुनों की प्रस्तुति देकर स्टेशन परिसर को राष्ट्रप्रेम के रंग में रंग दिया। कार्यक्रम में भोपाल मंडल रेल प्रबंधक पंकज त्यागी मौजूद रहे और उन्होंने आरपीएफ बैंड के जवानों का उत्साहवर्धन किया। बैंड द्वारा प्रस्तुत 'वंदे मातरम्' की धुन को यात्रियों, रेलवे कर्मचारियों और आमजन ने विशेष रूप से सराहा।

**सेल्फी प्वाइंट बना आकर्षण**- स्वतंत्रता दिवस की भावना को और जीवंत बनाने के लिए स्टेशन परिसर में 'वंदे मातरम्' और 'यशो लभस्व' लोगो से सुसज्जित विशेष सेल्फी प्वाइंट भी बनाया गया। यात्रियों और आमजन ने यहां उत्साह के साथ सेल्फी लेकर स्वतंत्रता दिवस समारोह की यादें संजोईं। डीआरएम पंकज त्यागी ने कहा कि आरपीएफ केवल रेलवे की सुरक्षा की जिम्मेदारी निभाने वाला बल नहीं है, बल्कि सेवा, सुरक्षा और समर्पण का प्रतीक भी है। उन्होंने कहा कि आरपीएफ जवानों का अनुशासन और राष्ट्र के प्रति समर्पण जब संगीत के माध्यम से सामने आता है तो यह देशभक्ति की भावना को और मजबूत करता है। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक अभिराम खरे, वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त डॉ. अभिषेक, रेलवे सुरक्षा बल के अधिकारी-कर्मचारी तथा भोपाल रेलवे स्टेशन के विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। स्वतंत्रता दिवस से पहले आयोजित इस कार्यक्रम ने रेलवे स्टेशन पर देशभक्ति और राष्ट्रीय गौरव का माहौल बना दिया।

नक्सलमुक्त भारत विषय पर समूह चर्चा

# मुख्यमंत्री ने किया पत्रिका का विमोचन

सच प्रतिनिधि || भोपाल।

भोपाल में आरडीबी ग्रुप और प्रिमार्क ग्रुप ने अपनी साझेदारी की शुरुआत की है, जो शहर के विकास और उसकी बढ़ती उम्मीदों के प्रति उनकी दीर्घकालिक प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस साझेदारी में रियल एस्टेट, इंफ्रास्ट्रक्चर और शहरी विकास के क्षेत्रों का दशकों का अनुभव साथ आया है। यह दिखाता है कि दोनों समूह सिर्फ शहर के निर्माण में ही नहीं, बल्कि इसकी सोच और संस्कृति को भी आगे बढ़ाने में साथ काम करना चाहते हैं। दोनों समूहों का मानना है कि किसी शहर का विकास सिर्फ इंफ्रास्ट्रक्चर से नहीं, बल्कि विचारों और बातचीत से भी होता है। इसी सोच के साथ, उन्होंने साहित्य, शिक्षा, सिनेमा, शासन और सार्वजनिक

जीवन से जुड़ी जानी-मानी हस्तियों को एक मंच पर बुलाया, ताकि देश के लिए अहम मुद्दों पर गंभीर चर्चा हो सके।

इस पहल की शुरुआत नक्सल मुक्त भारत के भोपाल लॉन्च के साथ हुई, जिसके बाद इंडिया ज़ लॉन्ग बैटल अगेंस्ट लेफ्ट-विंग एक्सट्रीमिज्म- लीडरशिप, गवर्नेंस एंड नेशन बिल्डिंग (वामपंथी उग्रवाद के खिलाफ भारत की लंबी लड़ाई- नेतृत्व, शासन और राष्ट्र निर्माण) विषय पर एक पैनल चर्चा आयोजित की गई। इस चर्चा में अलग-अलग नज़रियों से शासन, मजबूती, सामाजिक बदलाव और राष्ट्र निर्माण के बड़े विषयों पर बात हुई। इस पैनल में भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता और लेखक तुहिन ए. सिन्हा, दर्शनशास्त्र के सहायक प्राध्यापक और भारतीय ज्ञान परंपरा के विद्वान डॉ. आलोक कुमार द्विवेदी, मार्केट माईंबुक की संस्थापक और हार्परकॉलिन्स इंडिया में मार्केटिंग की पूर्व हेड लिपिका भूषण, और द केरल स्टोरी और बस्तर- द नक्सल स्टोरी के निर्देशक व राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्म निर्माता सुदीप्तो सेन शामिल थे। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने संबंधित विषय पर प्रकाशित पत्रिका का विमोचन किया। नक्सल मुक्त भारत का लॉन्च और इसके साथ हुई पैनल चर्चा, भोपाल में सार्थक सार्वजनिक जुड़ाव को बढ़ावा देने के प्रति आरडीबी ग्रुप और प्रिमार्क ग्रुप की प्रतिबद्धता का पहला अध्याय बनकर सामने आई।

# विधायक सबनानी ने किया क्षेत्र के विभिन्न वार्डों का निरीक्षण

सच प्रतिनिधि ||भोपाल ।

शहर में बारिश के कारण कई क्षेत्रों में निर्मित हुई अति जल भराव की स्थिति के मद्देनजर दक्षिण पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक भगवानदास सबनानी द्वारा बुधवार को वार्ड 27 एवं वार्ड 31 के क्षेत्रों का निरीक्षण किया गया। विधायक सबनानी द्वारा राजीव नगर, अंजलि काम्प्लेक्स अर्जुन नगर फेस 2, 99 ब्लॉक तुलसी टावर के पास का नगर निगम एवं पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया गया, क्षेत्र के नागरिकों से मिलकर उनकी समस्या जानी, और प्रभावित लोगों को तत्काल राहत उपलब्ध कराने के अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को सर्वे कर लोगों को मुआवजा दिलवाने एवं समस्या का पूर्ण समाधान करने के भी निर्देश दिए।

प्रभावित लोगों को भोजन सामग्री भी वितरित की गई। इस अवसर पर जोन अध्यक्ष व पार्षद ब्रजुला साचन एल्डरमैन प्रमोद पोलघंटवाल मंडल अध्यक्ष सोनू पालीवाल सहित कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

भोपाल में खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई

# डेयरियों से लगभग 275 किलो पनीर जब्त, नमूना जांच के लिए लिया

सच प्रतिनिधि || भोपाल

आयुक्त खाद्य सुरक्षा मध्यप्रदेश के निर्देश पर उपभोक्ताओं को सुरक्षित, शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा भोपाल में खाद्य प्रतिष्ठानों के निरीक्षण एवं नमूना कार्रवाई लगातार की जा रही है। इसी क्रम में देर रात्रि जैन डेयरी कोलार व तड़के सुबह न्यू कृष्णा डेयरी नादरा बस स्टैंड, नेशनल डेयरी भोपाल का निरीक्षण किया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम सुबह 4 बजे से रेलवे स्टेशन नौदरा बस स्टैंड, आईएसबीटी आदि विभिन्न स्थलों पर निरीक्षण पर निकले। निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठान पर उपलब्ध पनीर की गुणवत्ता एवं स्वरूप के संबंध में संदेह उत्पन्न होने पर कुल 275 किलोग्राम पनीर, जिसकी अनुमानित कीमत 1,10,000 रुपए है, को नियमानुसार जब्त किया गया।

मौके से पनीर के विधिवत नमूने लिए गए, जिसे खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला में परीक्षण हेतु भेजा जा रहा है। खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा एनालॉग/वैकल्पिक उत्पादों को पनीर के नाम से अथवा पनीर के रूप में विक्रय किए जाने के संबंध में लागू खाद्य सुरक्षा मानकों एवं प्रतिबंधात्मक प्रावधानों को भी ध्यान में रखते हुए कार्रवाई की गई है। ऐसे उत्पादों को वास्तविक पनीर के रूप में प्रस्तुत कर उपभोक्ताओं को भ्रमित करना खाद्य सुरक्षा एवं लेबलिंग संबंधी प्रावधानों के विपरीत हो सकता है। हालांकि जब्त पनीर को प्रयोगशाला जांच रिपोर्ट प्राप्त होने से पूर्व एनालॉग पनीर घोषित नहीं किया जा रहा है। प्रयोगशाला परीक्षण से प्राप्त परिणामों के आधार पर ही खाद्य पदार्थ की वास्तविक संरचना एवं गुणवत्ता के संबंध में अंतिम निष्कर्ष निकाला जाएगा।

जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत यदि नमूना खाद्य सुरक्षा एवं मानकों के अनुरूप नहीं पाया जाता है अथवा पनीर के स्थान पर किसी अन्य वसा/वनस्पति वसा आधारित उत्पाद का उपयोग पाया जाता है, तो खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 तथा संबंधित नियमों/विनियमों के अंतर्गत नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा मिलावटी, अमानक एवं गलत नाम/दावे के साथ विक्रय किए जा रहे खाद्य पदार्थों के विरुद्ध भियान निरंतर जारी रहेगा।

# केंद्रीय जेल में बंदियों को दी विधिक अधिकारों की जानकारी

सच प्रतिनिधि || भोपाल।

मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,भोपाल मनोज कुमार श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,भोपाल श्री सुनीत अग्रवाल द्वारा केंद्रीय जेल,भोपाल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बंदियों से संवाद कर उनकी विधिक समस्याओं एवं प्रकरणों की स्थिति की जानकारी ली गई। इस अवसर पर आयोजित विधिक जागरूकता कार्यक्रम में बंदियों को नि:शुल्क विधिक सहायता, जमानत, अपील, विचाराधीन बंदी समीक्षा समिति लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम , गरीब बंदी सहायता योजना सहित राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी प्रदान की गई।बंदियों को यह भी बताया गया कि आर्थिक अथवा अन्य किसी कारण से सक्षम अधिवक्ता की सेवाएं प्राप्त करने में असमर्थ पात्र व्यक्तियों को विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से नि:शुल्क अधिवक्ता एवं आवश्यक विधिक सहायता उपलब्ध कराई जाती है। पात्र बंदियों के प्रकरणों में आवश्यक विधिक कार्यवाही सुनिश्चित करने के संबंध में भी निर्देश दिए गए। कार्यक्रम के उपरांत सचिव सुनीत अग्रवाल एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी मुहम्मद जीलानी द्वारा केंद्रीय जेल में संचालित लीगल हेल्प डेस्क एवं मुलाकाती कक्ष का निरीक्षण किया गया।